www.govtjobsalert.in

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## ०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Center Name | iON Digital Zone iDZ Bhucho kalan |
| Test Date | 16/06/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** $(21+16\sqrt{2})$ और $(16-7\sqrt{2})$ का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. $\sqrt{112 + 109\sqrt{2}}$
✗ 2. $\sqrt{109 + 112\sqrt{2}}$
✗ 3. $17\sqrt{7}$
✗ 4. $4\sqrt{7}$

**Q.2** सात व्यक्ति, I, J, K, L, O, P और Q उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। I के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। I और O के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। J और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। P, I के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। Q, L के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। पंक्ति के बाएं छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✔ 1. K
✗ 2. Q
✗ 3. O
✗ 4. I

**Q.3** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

76 ÷ 9 + 818 × 2 − 93 = ?

Ans
✗ 1. 388
✗ 2. 378
✔ 3. 368
✗ 4. 398

**Q.4** संगम साहित्यिक कृतियों में अकाम विषय के अंतर्गत जीवन के किस पहलू का अन्वेषण किया गया है?

Ans
✔ 1. प्रेम
✗ 2. राजनीति
✗ 3. कर्म
✗ 4. युद्ध

www.govtjobsalert.in

Q.5 विनोद बिंदु A से चलना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 8 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 6 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है, 4 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री मोड़ हैं।)

www.govtjobsalert.in

Ans ✔ 1. 5 km दक्षिण की ओर
✘ 2. 5 km उत्तर की ओर
✘ 3. 6 km उत्तर की ओर
✘ 4. 6 km दक्षिण की ओर

Q.6 एमएस वर्ड में, यदि आप किसी चयनित टेक्स्ट को उसके मूल स्थान से हटाए बिना उसकी प्रतिलिपि बनाना चाहते हैं, तो आपको किस कमांड सेट का उपयोग करना चाहिए?

Ans ✘ 1. Select → Move
✘ 2. Delete → Undo
✘ 3. Cut → Paste
✔ 4. Copy → Paste

Q.7 किस बैंक ने मार्च 2025 में, सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) के साथ आधिकारिक तौर पर अपने विशेष बैंकिंग साझेदार के रूप में साझेदारी की है?

Ans ✘ 1. ICICI बैंक
✔ 2. सिटी यूनियन बैंक
✘ 3. एक्सिस बैंक
✘ 4. HDFC बैंक

Q.8 संख्या 691478325 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से तीसरे और दाएं से दूसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans ✘ 1. 12
✘ 2. 9
✔ 3. 11
✘ 4. 10

Q.9 जनवरी 2025 में, गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (मोशन पिक्चर) के लिए नामांकित होने वाली पहली भारतीय कौन बनीं?

Ans ✘ 1. मेघना गुलज़ार
✔ 2. पायल कपाड़िया
✘ 3. जोया अख्तर
✘ 4. मीरा नायर

Q.10 यदि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है तो किस वार्षिक ब्याज दर पर ₹15,625 की राशि 1 वर्ष और 6 महीने में ₹19,683 हो जाएगी?

Ans ✘ 1. 20%
✔ 2. 16%
✘ 3. 19%
✘ 4. 8%

Q.11 दिल्ली सल्तनत का कौन-सा शासक 1292 ई. में भीलसा (विदिशा) के अभियान से जुड़ा था?

Ans ✔ 1. अलाउद्दीन खिलजी
✘ 2. गाजी मलिक
✘ 3. उलुग खान
✘ 4. इल्तुतमिश

www.govtjobsalert.in

Q.12 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?
# : OLR :: LIO : %

www.govtjobsalert.in

Ans
1. # = RPO, % = MKP
2. # = ROU, % = IFL ✔
3. # = PKI, % = IMJ
4. # = YTU, % = LKJ

Q.13 भारत के राष्ट्रपति, राज्यों के राज्यपालों और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों की नियुक्ति किस निकाय की सलाह पर करते हैं?

Ans
1. केंद्रीय मंत्रिपरिषद ✔
2. राज्य विधानमंडल
3. निर्वाचन आयोग
4. भारत का सर्वोच्च न्यायालय

Q.14 भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी साहसी भूमिका के लिए 'असम केसरी' की उपाधि से किसे सम्मानित किया गया था?

Ans
1. चंद्रप्रभा सैकियानी
2. गोपीनाथ बोरदोलोई
3. तरूण राम फुकन
4. अंबिकागिरी रायचौधरी ✔

Q.15 साधारण ब्याज पर, एक निश्चित धनराशि 2 वर्ष में ₹1,750 तथा 4 वर्ष में ₹3,250 हो जाती है। वार्षिक ब्याज की दर ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 299%
2. 301%
3. 302%
4. 300% ✔

Q.16 2025 में, AIIMS दिल्ली में बायोमेडिकल वेस्ट कन्वर्जन सिस्टम 'सृजनम' का उद्घाटन किसने किया?

Ans
1. NITI आयोग के सदस्य
2. केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ✔
3. AIIMS दिल्ली के निदेशक
4. CSIR-NIIST के निदेशक

Q.17 596 × 604 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 366958
2. 364199
3. 359984 ✔
4. 356822

Q.18 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 7 @ £ 1 @ 7 # * 8 7 8 6 5 3 8 4 € # £ 9 1 £ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans
1. 1 ✔
2. 3
3. 2
4. 0

www.govtjobsalert.in

Q.19 बिना रुके एक लोकल ट्रेन 70 km/hr की औसत चाल से चलती है, और रुकने (stoppages) के साथ, 30 km/hr की औसत चाल से चलती है। 630 km लंबे मार्ग पर रुकने के लिए लोकल ट्रेन द्वारा लिया गया कुल समय (घंटों में) कितना है?

www.govtjobsalert.in

Ans
- ✗ 1. 8
- ✗ 2. 19
- ✓ 3. 12
- ✗ 4. 10

Q.20 किस मंत्रालय द्वारा, भारत में एंटी-डंपिंग और एंटी-सब्सिडी एवं प्रतिकारी उपायों को प्रशासित किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. विदेश मंत्रालय
- ✗ 2. गृह मंत्रालय
- ✗ 3. वित्त मंत्रालय
- ✓ 4. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

Q.21 संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन 2024 (COP16), फरवरी 2025 में निम्नलिखित में से किस देश में संपन्न हुआ?

Ans
- ✗ 1. जर्मनी
- ✗ 2. फ्रांस
- ✓ 3. इटली
- ✗ 4. कोलंबिया

Q.22 F, G का पति है। G, H की माता है। H, I का पति है। I, J की माता है। F का J से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ 1. पिता का भाई
- ✗ 2. माता का पिता
- ✓ 3. पिता का पिता
- ✗ 4. माता का भाई

Q.23 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. HN – MI
- ✗ 2. LR – QM
- ✗ 3. BH – GC
- ✓ 4. WC – BY

Q.24 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

XDO BBQ FZS JXU ?

Ans
- ✗ 1. LWX
- ✗ 2. OWV
- ✗ 3. MUX
- ✓ 4. NVW

Q.25 दो समरूप त्रिभुजों की दो संगत भुजाओं की लंबाइयों का अनुपात 10 : 9 है। इन दोनों त्रिभुजों के क्षेत्रफलों का अनुपात (उल्लिखित क्रम में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 101 : 82
- ✓ 2. 100 : 81
- ✗ 3. 10 : 9
- ✗ 4. $10\sqrt{10} : 9$

www.govtjobsalert.in

Q.26 दाब का विमीय सूत्र क्या है?

Ans
1. $[M L^{-2} T^{-2}]$
2. $[M L^{-1} T^{-2}]$
3. $[M L^{2} T^{-2}]$
4. $[M L T^{-2}]$

Q.27 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
TMP RKN PIL NGJ ?

Ans
1. LEH
2. LEG
3. LFG
4. LFH

Q.28 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

842 840 836 830 822 ?

Ans
1. 814
2. 808
3. 810
4. 812

Q.29 मनीष अपनी कक्षा में शीर्ष से 18वें स्थान पर तथा नीचे से 49वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
1. 67
2. 65
3. 66
4. 64

Q.30 अगस्त 2024 में, निम्नलिखित में से किसे ग्रैंड कॉलर ऑफ द तिमोर-लेस्ते (Grand Collar of the Timor-Leste) से सम्मानित किया गया था?

Ans
1. द्रौपदी मुर्मू
2. नरेंद्र मोदी
3. डॉ. एस जयशंकर
4. ओम बिरला

Q.31 स्थिर जल में नाव की चाल 9 km/hr है और धारा की चाल 5 km/hr है। एक व्यक्ति 75.6 km की दूरी पर स्थित एक स्थान तक नाव चलाता है और प्रारंभिक बिंदु पर वापस आता है। उसके द्वारा लिया गया कुल समय (घंटों में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 20.8
2. 19.3
3. 26.6
4. 24.3

Q.32 एक निश्चित कूट भाषा में, 'MEAN' को '6248' और 'AIDS' को '5721' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 2
2. 4
3. 5
4. 7

www.govtjobsalert.in

Q.33 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

www.govtjobsalert.in

(46 B 8) A 16 C 15 B 3 D 27 =?

Ans
1. 29 ✗
2. 52 ✗
3. 68 ✗
4. 41 ✓

Q.34 निम्नलिखित में से किस देश में मई 2025 में सभी राजनीतिक दलों को भंग करने और राष्ट्रपति का कार्यकाल बढ़ाने के सरकार के फैसले के कारण व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ?

Ans
1. माली (Mali) ✓
2. चाड (Chad) ✗
3. नाइजर (Niger) ✗
4. सूडान (Sudan) ✗

Q.35 X की वर्तमान आयु का 7 गुना, Y की वर्तमान आयु के 2 गुने से 6 वर्ष कम है। वर्तमान में, P की आयु X की आयु की 7 गुनी है, और Y, Q से 6 वर्ष छोटा है। यदि P, Q से 70 वर्ष बड़ा है, तो Y की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 82 ✓
2. 78 ✗
3. 75 ✗
4. 73 ✗

Q.36 जनगणना 2011 के अनुसार, भारत के किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश की शहरीकृत जनसंख्या सर्वाधिक थी?

Ans
1. गोवा ✗
2. दिल्ली ✓
3. महाराष्ट्र ✗
4. तमिलनाडु ✗

Q.37 फरवरी 2025 में, अफ्रीकी संघ के साथ एक रणनीतिक साझेदारी पर हस्ताक्षर करके किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन ने महाद्वीप पर वैक्सीन निर्माण में बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए?

Ans
1. विश्व स्वास्थ्य संगठन ✗
2. विश्व बैंक ✗
3. GAVI - वैक्सीन एलायंस ✓
4. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ✗

Q.38 मान लीजिए ABC और DEF दो त्रिभुज इस प्रकार हैं कि ∠A = ∠D = 40° और AB = DE है। ABC और DEF के समरूप त्रिभुज होने के लिए निम्न में से कौन-सी शर्त पूरी होनी चाहिए?

Ans
1. ∠B = ∠D ✗
2. BC = EF ✗
3. ∠B = ∠F ✗
4. ∠C = ∠F ✓

Q.39 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। Q की परीक्षा शुक्रवार को है। R और T के बीच केवल 3 व्यक्तियों की परीक्षा है, जिनमें से किसी की भी परीक्षा रविवार को नहीं है। P की परीक्षा U के ठीक बाद है। V की परीक्षा T से ठीक पहले है। निम्नलिखित में से किसकी परीक्षा बुधवार को है?

Ans
1. R ✗
2. V ✗
3. S ✗
4. U ✓

www.govtjobsalert.in

Q.40 एक इलेक्ट्रिक पंप एक टैंक को 3 घंटे में भर सकता है। टैंक में रिसाव के कारण, टैंक को भरने में $5\frac{1}{4}$ घंटे लगते हैं। यदि इस अवधि के दौरान किसी अन्य बिंदु से पानी टैंक में न तो आता है और न ही बाहर जाता है, तो इस रिसाव से पूरा टैंक कितने समय में खाली हो जाएगा?

www.govtjobsalert.in

Ans
- ✗ 1. 24 घंटे
- ✗ 2. 10 घंटे
- ✗ 3. 17 घंटे
- ✓ 4. 7 घंटे

Q.41 यदि किसी डेटा की माध्यिका उसके बहुलक से 45.98 कम है, तो डेटा की माध्यिका उसके माध्य से ______ अधिक होगी। (मूलानुपाती सूत्र का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✗ 1. 26.54
- ✓ 2. 22.99
- ✗ 3. 25.13
- ✗ 4. 21.05

Q.42 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 3 # 6 5 2 @ 8 * 7 9 1 % 2 8 1 9 3 # 1 £ © 7 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans
- ✗ 1. 4
- ✓ 2. 3
- ✗ 3. 2
- ✗ 4. 5

Q.43 एक निश्चित तर्क के अनुसार 12, 4 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार 24, 8 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार 60, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. 30
- ✓ 2. 20
- ✗ 3. 15
- ✗ 4. 25

Q.44 तीन संख्याएँ 2 : 14 : 3 के अनुपात में हैं, और उनका LCM, 4116 है। उनका HCF ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 108
- ✓ 2. 98
- ✗ 3. 100
- ✗ 4. 95

Q.45 MS वर्ड 365 में, कौन सा फीचर उपयोगकर्ताओं को पैराग्राफ के बीच वर्टिकल स्पेस को नियंत्रित करने और डाक्युमेंट की पठनीयता में सुधार करने के लिए पैराग्राफ से पहले और बाद में विशिष्ट स्पेसिंग को सेट करने की सुविधा देता है?

Ans
- ✓ 1. पैराग्राफ स्पेसिंग
- ✗ 2. लाइन स्पेसिंग
- ✗ 3. पेज लेआउट
- ✗ 4. इंडेंटेशन

www.govtjobsalert.in

Q.46 101वें संशोधन अधिनियम, 2016 द्वारा कौन-सा प्रमुख कर सुधार पेश किया गया?

www.govtjobsalert.in

Ans ✔ 1. वस्तु एवं सेवा कर (GST)

✗ 2. आयकर

✗ 3. संपत्ति कर

✗ 4. उत्पाद शुल्क

Q.47 भोलानाथ सिंह निम्नलिखित में से किस विद्रोह के लीडर थे?

Ans ✔ 1. तमार विद्रोह

✗ 2. फ़राज़ी आंदोलन

✗ 3. वहाबी आंदोलन

✗ 4. संथाल विद्रोह

Q.48 विदेश में रहने वाले भारतीय मूल के लोग अनुच्छेद 8 के अंतर्गत भारतीय नागरिकता के लिए कहां आवेदन कर सकते हैं?

Ans ✗ 1. केवल दिल्ली स्थित भारतीय दूतावास में

✔ 2. अपने निवास के देश में भारतीय दूतावास में

✗ 3. राज्य सरकार कार्यालय में

✗ 4. सर्वोच्च न्यायालय में

Q.49 QQ 3 एक निश्चित तरीके से NU -1 से संबंधित है। OK 11 उसी तरीके से LO 7 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, PL -2 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans ✗ 1. NP -4

✗ 2. NQ -6

✔ 3. MP -6

✗ 4. MQ -4

Q.50 एक आयताकार भूखंड की लंबाई $(x^2 + xy + y^2)$ m और चौड़ाई $(x^2 - 5xy - y^2)$ m है। जब x = 1 और y = -1 हो, तो इसका परिमाप ज्ञात कीजिए।

Ans ✗ 1. 19 m

✔ 2. 12 m

✗ 3. 17 m

✗ 4. 8 m

Q.51 एमएस वर्ड 2019 में, डॉक्यूमेंट के पेज ओरिएंटेशन (page orientation) को बदलने के लिए निम्नलिखित में से किस फीचर का उपयोग किया जा सकता है?

Ans ✗ 1. View → Print Layout

✗ 2. Review → Spelling & Grammar

✔ 3. Page Layout → Orientation

✗ 4. Insert → Page Number

Q.52 कंचन का वेतन ₹12,000 प्रति माह है। वह ₹4,000 घर के किराए पर और ₹2,000 बिलों पर खर्च करता है, और बाकी रकम उसकी मासिक बचत है। यदि उसके जन्मदिन के महीने में, उसने अपनी सारी मासिक बचत जन्मदिन मनाने पर खर्च कर दी, तो एक वर्ष में उसकी बचत (₹ में) पता करें।

Ans ✗ 1. 72,000

✗ 2. 60,000

✗ 3. 54,000

✔ 4. 66,000

www.govtjobsalert.in

Q.53 ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा मार्च, 2016 में संपन्न सामाजिक-आर्थिक और जातिगत जनगणना (SECC) के अनुसार, कितने ग्रामीण परिवारों को वंचना मानदंडों के आधार पर वर्गीकृत किया गया था?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 6.72 करोड़
2. 9.72 करोड़
3. 8.72 करोड़ ✔
4. 7.72 करोड़

Q.54 आकाश ने एक वस्तु को 21% की हानि पर बेचा। यदि उसने वस्तु को 8% कम में खरीदा होता और उसे ₹198 अधिक में बेचा होता, तो उसे 5% का लाभ होता। वस्तु का क्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 686
2. 685
3. 1,419
4. 1,125 ✔

Q.55 OJ 9 एक निश्चित तरीके से QM -8 से संबंधित है। JK 14 उसी तरह LN -3 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, VP 1 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. XS -16 ✔
2. XT -16
3. YS -14
4. YT -16

Q.56 मॉर्गन स्टेनली रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 29 तक भारत के अवसंरचना में निवेश GDP के प्रतिशत के रूप में कितना बढ़ने की अपेक्षा है?

Ans
1. 6.5% ✔
2. 4.5%
3. 5.3%
4. 7.0%

Q.57 नीलगिरि बायोस्फीयर रिजर्व, भारतीय राज्यों के निम्नलिखित में से किस समूह तक फैला हुआ है?

Ans
1. महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक
2. आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल
3. तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक ✔
4. केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु

Q.58 यदि संख्या 8631247 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो बायें से तीसरे अंक तथा दायें से पहले अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
1. 9
2. 11
3. 8
4. 12 ✔

Q.59 M, N के व्युत्क्रमानुपाती है। यदि M, 18 है, तो N, 21 है। यदि N = 27 है, तो M का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 14 ✔
2. 16
3. 12
4. 13

Q.60 किस प्रकार के संगीत वाद्ययंत्रों में, खोखले स्तंभ में वायु फूंककर ध्वनि उत्पन्न की जाती है?

www.govtjobsalert.in

Ans
✗ 1. अवनद्ध वाद्य
✓ 2. सुषिर वाद्य
✗ 3. घन वाद्य
✗ 4. तत वाद्य

Q.61 यदि समीकरण $6x^3 - 11x^2 + 6x - 1 = 0$ के मूल α, β और γ हैं, तो $\Sigma\alpha^2\beta\gamma$ ज्ञात करें।

Ans
✗ 1. $\frac{11}{6}$
✗ 2. $-\frac{11}{6}$
✗ 3. $-\frac{11}{36}$
✓ 4. $\frac{11}{36}$

Q.62 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 5 $ 6 @ 3 * 6 4 & $ 2 9 5 9 € £ 7 8 # 1 & 2 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans
✓ 1. 3
✗ 2. 4
✗ 3. 5
✗ 4. 2

Q.63 राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) में दिसंबर 2024 की नियुक्तियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

Ans
✓ 1. श्री प्रियांक कानूनगो को NHRC का महासचिव नियुक्त किया गया।
✗ 2. न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यन को NHRC का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
✗ 3. न्यायमूर्ति (डॉ.) विद्युत रंजन सारंगी एक सदस्य के रूप में NHRC में शामिल हुए।
✗ 4. ये नियुक्तियाँ भारत के राष्ट्रपति द्वारा दिसंबर 2024 में की जाएंगी।

Q.64 दो नल एक टंकी को क्रमशः 3 घंटे और 18 घंटे में भर सकते हैं। एक तीसरा नल इसे 72 घंटे में खाली कर सकता है। यदि तीनों नल एकसाथ खोल दिए जाएं, तो पूर्णतः खाली टंकी के तीन-चौथाई हिस्से को भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans
✗ 1. 6
✗ 2. 8
✓ 3. 2
✗ 4. 4

Q.65 सात मित्र, A, B, C, D, P, Q और R, उत्तर की ओर मुंह करके एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। R के बाईं ओर केवल दो लोग बैठे हैं। R और P के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। P और A के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। D, Q के तुरंत बाईं ओर बैठा है। B, P का निकटतम पड़ोसी नहीं है। C के दाईं ओर कितने लोग बैठे हैं?

Ans
✗ 1. चार
✗ 2. दो
✗ 3. तीन
✓ 4. एक

www.govtjobsalert.in

Q.66 अनुज बिंदु A से चलना शुरू करता है और पूर्व की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 8 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 2 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं, जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो।)

www.govtjobsalert.in

Ans ✔ 1. 3 km, दक्षिण की ओर

✘ 2. 2 km, दक्षिण की ओर

✘ 3. 4 km, दक्षिण की ओर

✘ 4. 1 km, दक्षिण की ओर

Q.67 2019 में, अमित की आय ₹22,000 थी। उसकी आय में प्रतिवर्ष 20% की वृद्धि होती है। 2021 में उसकी आय (₹ में) कितनी थी?

Ans ✘ 1. 26,400

✘ 2. 30,800

✔ 3. 31,680

✘ 4. 22,000

Q.68 भारत की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार, 2011 में निम्नलिखित में से किस राज्य में अनुसूचित जनजाति (ST) लिंगानुपात सबसे अधिक दर्ज किया गया था?

Ans ✔ 1. गोवा

✘ 2. मिज़ोरम

✘ 3. अरुणाचल प्रदेश

✘ 4. तमिलनाडु

Q.69 डीआक्सीराइबोन्यूक्लिओटाइड्स (deoxyribonucleotides ) के एक लंबे बहुलक के रूप में DNA का उल्लेख किस संरचनात्मक विशेषता को दर्शाता है?

Ans ✔ 1. यह एक शर्करा-फॉस्फेट आधार और नाइट्रोजनी क्षारों से बना है।

✘ 2. प्रत्येक न्यूक्लियोटाइड समानांतर फैशन (fashion) से हाइड्रोजन आबंधों द्वारा जुड़ा होता है।

✘ 3. अणु में अनेक स्वतंत्र लघु श्रृंखलाएं होती हैं।

✘ 4. अनुक्रम, वृत्तीय और स्व-प्रतिकृति है।

Q.70 प्रेक्षण 34, 58, 98, 42, 83, 62, 12, 11, 87, 75 और 15 की माध्यिका ज्ञात करें।

Ans ✘ 1. 62

✔ 2. 58

✘ 3. 75

✘ 4. 42

Q.71 भारत में एमएसएमई (MSMEs) मंत्रालय ______ को MSME दिवस मनाता है।

Ans ✔ 1. 27 जून

✘ 2. 14 अप्रैल

✘ 3. 7 जून

✘ 4. 30 जनवरी

Q.72 लोक अदालतों द्वारा दिया गया निर्णय दीवानी न्यायालय का आदेश माना जाता है तथा यह अंतिम और सभी पक्षों पर बाध्यकारी होता है, क्योंकि इस संबंध में ____________।

Ans ✘ 1. सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की जा सकती है

✘ 2. समीक्षा याचिका दायर की जा सकती है

✘ 3. उच्च न्यायालय में अपील दायर की जा सकती है

✔ 4. कोई अपील स्वीकार्य नहीं होती है

www.govtjobsalert.in

Q.73 एक आयत के परिमाप और चौड़ाई के बीच का अनुपात 3 : 1 है। यदि आयत का क्षेत्रफल 98 $cm^2$ है, तो आयत का परिमाप (cm में) ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
✔ 1. 42
✘ 2. 47
✘ 3. 50
✘ 4. 38

Q.74 मौर्य साम्राज्य के दौरान 'प्रदेशत्री (Pradeshtris)' शब्द किस अधिकारी के लिए प्रयोग किया जाता था?

Ans
✔ 1. अपराधियों के दमन के लिए जिम्मेदार अधिकारी
✘ 2. न्यायाधीश
✘ 3. मुख्यमंत्री
✘ 4. सेना का कमांडर

Q.75 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

13 8 24 19 57 52 156 ?

Ans
✘ 1. 169
✘ 2. 140
✘ 3. 155
✔ 4. 151

Q.76 थार रेगिस्तान में पाई जाने वाली लुप्तप्राय पक्षी प्रजातियाँ कौन-सी हैं?

Ans
✘ 1. पेलिकन
✔ 2. ग्रेट इंडियन बस्टर्ड
✘ 3. फ्लेमिंगो
✘ 4. हॉर्नबिल

Q.77 MS पावरपॉइंट 365 में हाइपरलिंक इन्सर्ट करने के लिए किस शॉर्टकट कुंजी संयोजन का उपयोग किया जाता है?

Ans
✘ 1. Ctrl + Shift + X
✘ 2. Alt + X
✔ 3. Ctrl + K
✘ 4. Ctrl + N

Q.78 अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी ने किस वर्ष एक नया कानून पारित किया था, जिसके तहत कंपनी की सेना में नौकरी लेने वाले हर नए व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर विदेशों में सेवा करनी होगी?

Ans
✘ 1. 1840
✘ 2. 1860
✔ 3. 1856
✘ 4. 1850

Q.79 प्रेस सूचना ब्यूरो के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (डीपीएसयू) के निर्यात में पिछले वर्ष की तुलना में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

Ans
✔ 1. 42.85%
✘ 2. 25.5%
✘ 3. 35.7%
✘ 4. 50.2%

www.govtjobsalert.in

**Q.80 भोजन को वायुरोधी पात्र में रखने पर क्या लाभ होता है?**

Ans
1. यह अवायवीय जीवाणु वृद्धि को बढ़ावा देता है।
2. यह भोजन का स्वाद बढ़ा देता है।
3. यह भोजन का रंग बदल देता है।
4. यह ऑक्सीकरण को मंद कर देता है।

www.govtjobsalert.in

**Q.81 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 87 से विभाज्य है?**

Ans
1. 7741
2. 7221
3. 6712
4. 7099

**Q.82 निम्नलिखित में से कौन-सा, अंडमान समूह में स्थित नहीं है?**

Ans
1. नील
2. हैवलॉक
3. बैरन
4. मिनिकॉय

**Q.83 फरवरी 2025 में, निम्नलिखित में से कौन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के 11वें अध्यक्ष बने?**

Ans
1. अजय सेठ
2. मनन कुमार मिश्रा
3. तुहिन कांत पांडे
4. डॉ. मयंक शर्मा

**Q.84 निम्नलिखित में से कौन, 2024 में शुरू की गई PMAY-U 2.0 योजना के तहत सब्सिडी के लिए पात्र नहीं है?**

Ans
1. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWSs) के व्यक्ति
2. ₹6 लाख तक की वार्षिक आय वाले व्यक्ति
3. पिछले 20 वर्षों में किसी भी सरकारी योजना के तहत आवास प्राप्त करने वाले परिवार
4. मध्यम आय समूह (MIG) जिनकी वार्षिक आय ₹9 लाख प्रति वर्ष तक है

**Q.85 एक निश्चित कूट भाषा में, 'MUST' को '4268' और 'SALE' को '3527' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'S' के लिए कूट क्या है?**

Ans
1. 6
2. 7
3. 3
4. 2

**Q.86 3%, 27% और 23% की तीन क्रमिक छूटों के बराबर एकल छूट (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।**

Ans
1. 43.03%
2. 45.48%
3. 45.34%
4. 45.73%

www.govtjobsalert.in

Q.87 विंडोज़-आधारित सिस्टम में, Alt कुंजी का निम्न में से कौन-सा संयोजन, एक्टिव विंडो के कंटेक्सुअल कंट्रोल मेनू (contextual control menu) को डिस्प्ले करने की सबसे अधिक संभावना रखता है, विशेष रूप से तब जब टाइटल बार अगम्य (inaccessible) हो?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. Alt + F4
2. Alt + Space
3. Alt + F10
4. Alt + Del

Q.88 एक फैक्ट्री पांच दिनों में एक गैजेट की 15, 20, 25, 10 और 30 इकाइयाँ बनाती है। प्रति दिन औसत उत्पादन (इकाइयों में) कितना है?

Ans
1. 20
2. 18
3. 22
4. 24

Q.89 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात सबसे बड़ा है?

Ans
1. 20 : 36
2. 21 : 45
3. 25 : 50
4. 17 : 42

Q.90 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'FISH' को '6147' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'SALE' को '9512' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में, 'S' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 9
2. 5
3. 1
4. 4

Q.91 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी गाय, एमु हैं।
सभी एमु, शुतुरमुर्ग हैं।
कुछ शुतुरमुर्ग, बत्तख हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ बत्तखें, गाय हैं।
(II) सभी शुतुरमुर्ग, गाय हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.92 I, J, K, L, M और Y एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपर के तल का क्रमांक 6 है। Y के ऊपर केवल L रहता है। I, J के नीचे के किसी एक तल पर रहता है। K के नीचे केवल M रहता है। J और M के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
1. एक
2. दो
3. तीन
4. चार

www.govtjobsalert.in

Q.93 एक विक्रेता को प्रति संतरे को ₹44 में बेचने पर 78% की हानि होती है। यदि वह 78% का लाभ अर्जित करना चाहता है, तो उसे प्रति संतरे को किस मूल्य पर (₹ में) बेचना होगा?

www.govtjobsalert.in

Ans
✗ 1. 355
✓ 2. 356
✗ 3. 358
✗ 4. 354

Q.94 $\frac{\sqrt{0.011025}}{\sqrt{0.001225}}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 3
✗ 2. 13
✗ 3. 18
✗ 4. 17

Q.95 QP 15 एक निश्चित तरीके से TR 6 से संबंधित है। उसी तरह KN 8, NP −1 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, दिए गए विकल्पों में से LO 3 किससे संबंधित है?

Ans
✗ 1. OP −9
✗ 2. YR −7
✓ 3. OQ −6
✗ 4. BH −4

Q.96 आठ संख्याओं का औसत 14 है। इनमें से पाँच संख्याओं का औसत 14 है। शेष तीन संख्याओं का औसत कितना है।

Ans
✗ 1. 16
✓ 2. 14
✗ 3. 15
✗ 4. 13

Q.97 समतल भूमि पर स्थित बिंदु P से शीर्ष मीनार का उन्नयन कोण 30° है। यदि मीनार 50 m ऊँची है, तो मीनार के आधार से बिंदु P तक की दूरी कितनी है?

Ans
✗ 1. $25\ \mathrm{m}$
✗ 2. $\frac{50}{\sqrt{2}}\ \mathrm{m}$
✗ 3. $\frac{50}{\sqrt{3}}\ \mathrm{m}$
✓ 4. $50\sqrt{3}\ \mathrm{m}$

Q.98 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002 द्वारा कौन-सा मौलिक अधिकार विशेष रूप से बच्चों के लिए पेश किया गया था?

Ans
✗ 1. निःशुल्क बिजली का अधिकार
✓ 2. बच्चों का निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार
✗ 3. विदेश यात्रा का अधिकार
✗ 4. मतदान का अधिकार

www.govtjobsalert.in

Q.99 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत युग्म व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

www.govtjobsalert.in

Ans
1. IE – NG
2. GC – LF
3. DZ – IB
4. QM – VO

Q.100 एक बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल उसके सम्पूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल का आधा है। यदि इसकी ऊँचाई 195 cm है, तो इसका व्यास (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 381
2. 393
3. 383
4. 390

www.govtjobsalert.in